
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org



पुण्यतिथि विशेष
06 अगस्त 2026
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं आगे बढ़ना नहीं, बल्कि
दूसरों के जीवन में भी आशा और विश्वास जगाना है।
सुषमा स्वराज
(भारत की पूर्व विदेश मंत्री)
जन्म : 14 फरवरी 1952 मृत्यु : 06 अगस्त 2019
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org
/teachersofbihar

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.08.2026

## प्रभावी संप्रेषण

**प्रभावी संप्रेषण वह प्रक्रिया है, जिसमें प्रेषक (Sender) द्वारा दिया गया संदेश प्राप्तकर्ता (Receiver) तक स्पष्ट, सही, समय पर और इच्छित अर्थ के साथ पहुँचता है तथा प्राप्तकर्ता उसे ठीक प्रकार से समझकर उचित प्रतिक्रिया देता है। जब संदेश बिना किसी भ्रम के स्पष्ट रूप से समझा जाए और संचार का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हो जाए, तो उसे प्रभावी संप्रेषण कहते है।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





असम बाढ़ में क्लास 10 ड्रॉपआउट **श्रवण** ने बिना किसी ट्रेनिंग के अब तक लगभग **2000 लोगों** की जान बचाई है। शख्स ने **बहादुरी** की मिसाल पेश की है।

# आज का ToB क्वीज..

B

👉 अकबर के दरबार कुल कितने नवरत्न था ?

👉 08

👉 09

👉 10



संजय कुमार


# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# हिरोशिमा दिवस

## 6 अगस्त







मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी को याद करते हुए,
शांति, सद्भाव और परमाणु निरस्त्रीकरण का संकल्प लें।

"याद रखें, ताकि शांति, हमेशा बनी रहे।"

### हिरोशिमा पर परमाणु हमला

- 6 अगस्त 1945 को सुबह 8:15 बजे अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम "लिटिल बॉय" गिराया।
- एक ही क्षण में लगभग 70,000 से 80,000 लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए।
- हजारों लोग बाद में विकिरण के दुष्प्रभावों से काल-कवलित हुए।
- यह हमला द्वितीय विश्व युद्ध के अंत और जापान के आत्मसमर्पण का कारण बना।



### हिरोशिमा दिवस का उद्देश्य

- परमाणु युद्ध की भयावहता को याद करना।
- शांति, सह-अस्तित्व और मानवाधिकारों का महत्व समझना।
- परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन और निरस्त्रीकरण की दिशा में जागरूकता बढ़ाना।
- आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, शांतिपूर्ण और बेहतर विश्व का निर्माण करना।




### इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1945 | 6 अगस्त: हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया गया। |
| 1945 | 9 अगस्त: नागासाकी पर दूसरा परमाणु हमला। |
| 1955 | हिरोशिमा में शांति स्मारक (Peace Memorial Park) का निर्माण प्रारंभ हुआ। |
| 1963 | आंशिक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (Partial Test Ban Treaty) पर हस्ताक्षर। |
| 1970 | परमाणु अप्रसार संधि (NPT) लागू हुई। |
| 2017 | परमाणु हथियारों के निषेध की संधि (TPNW) को अपनाया गया। |

### परमाणु हथियारों के दुष्परिणाम


- मानव जीवन की भयानक क्षति
- विकिरण से दीर्घकालिक बीमारियाँ (कैंसर, ल्युकेमिया आदि)
- पर्यावरण प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन
- आर्थिक विनाश और सामाजिक अस्थिरता
- वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा

### हमें क्या करना चाहिए?

- शांति, प्रेम और सहिष्णुता को बढ़ावा दें।
- युद्ध नहीं, संवाद और सहयोग को अपनाएँ।
- परमाणु निरस्त्रीकरण के वैश्विक प्रयासों का समर्थन करें।
- नई पीढ़ी को शांति और मानवता का महत्व सिखाएँ।
- एक ऐसा विश्व बनाएँ जहाँ हर व्यक्ति सुरक्षित हो।

### हिरोशिमा शांति स्मारक

हिरोशिमा शांति स्मारक (Genbaku Dome) उस भयावह घटना का जीवित प्रमाण है, जो आज हमें शांति का संदेश देता है और युद्ध की पुनरावृत्ति रोकने की प्रेरणा देता है।






## शांति ही मानवता का भविष्य है।

आइए 6 अगस्त को हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि
हम एक ऐसा विश्व बनाएँगे जहाँ परमाणु हथियारों की जगह
शांति, सद्भाव और प्रेम का बोलबाला हो।



**आइए, हम शांति के दूत बनें, एक बेहतर दुनिया के लिए आज से कदम बढ़ाएँ!**

/teachersofbihar

# TOB खेल कॉर्नर

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## भारत में हुए मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट

**1st**

1st ASIAN GAMES 1951 NEW DELHI

एशियाई खेल
**1951**
नई दिल्ली



**9th**

IX ASIAN GAMES NEW DELHI 1982

एशियाई खेल
**1982**
नई दिल्ली



**4th**

AFRO-ASIAN GAMES HYDERABAD 2003

एफ्रो-एशियन गेम्स
**2003**
हैदराबाद



**10th**

DELHI 2010 XIX COMMONWEALTH GAMES

कॉमनवेल्थ गेम्स
**2010**
नई दिल्ली



खेल से स्वास्थ्य, खेल से अनुशासन, खेल से राष्ट्र निर्माण!

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

6 अगस्त

# 6 अगस्त
## इतिहास, जन्म और निधन

## 6 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएँ


- **1914** आस्ट्रिया द्वारा रूस के विरूद्ध युद्ध की घोषणा।
- **1945** जापानी नगर हिरोशिमा पर अमेरिका ने पहला परमाणु बम गिराया।
- **2001** भारत व ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक समझौता।
- **2002** भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
- **2004** वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेंद्र चौधरी के खिलाफ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोमे सेनिलोली को 4 वर्ष की जेल।
- **2005** दोनों देश सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
- **2007** मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हंगरी के वैज्ञारिकों ने लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।
- **2008**
  - सरकारी कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को आंध प्रदेश के कृष्णा पट्नम में 880 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल वॉयलर लगाने का ऑर्डर मिला जो इस श्रेणी का पहला ऑर्डर है।
  - बंगाल सरकार ने टाटा समूह को सिंगापुर से संयंत्र नहीं हटाने पर राजी किया।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने सिमी पर प्रतिबंध हटाने के विरूद्ध फैसले पर रोक लगाई।






## 6 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- **1959** **राजेंद्र सिंह** – भारत के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता।

- **1944** **अविनाश दीक्षित** – भारतीय मूल के अमेरिकी अर्थशास्त्री।

- **1921** **के. एम. चांडी** – स्वतंत्रता सेनानी तथा गुजरात और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।


- **1915** **गुरदयाल सिंह ढिल्लों** – भारत के पाँचवें लोकसभा अध्यक्ष।

- **1933** **ए. जी. कृपाल सिंह** – भारतीय क्रिकेटर।

- **1970** **एम. नाइट श्यामलन** – भारतीय/अमेरिकी फिल्म निर्देशक।


## 6 अगस्त को हुए निधन

- **2019** **सुषमा स्वराज** – भाजपा की शीर्ष महिला नेता, केन्द्रीय मंत्री और दिल्ली की प्रथम महिला मुख्यमंत्री।

- **2018** **आर. के. धवन** – भारतीय राजनीतिज्ञ, कांग्रेस नेता और राज्य सभा सांसद।

- **2006** **सूरज भान** – भारतीय राजनीतिज्ञ एवं दलित नेता।

- **2003** **रॉबिन बनर्जी** – प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, पर्यावरणविद, चित्रकार, फोटोग्राफर और दस्तावेजी फिल्म निर्माता।

- **1997** **बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य** – असमिया साहित्यकार।

- **1982** **एस. के. पोट्टेक्काट्ट** – प्रसिद्ध मलयालम साहित्यकार।

- **1982** **गोदे मुरहारी** – छठवीं लोकसभा में लोकसभा उपाध्यक्ष थे।

- **1981** **भूपेश गुप्ता** – भारतीय नेता।
- **1925** **सर सुरेन्द्रनाथ बेनर्जी** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता।


Madhu priya

## 6 अगस्त के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

### विश्व स्तनपान दिवस (सप्ताह)

WORLD BREASTFEEDING WEEK

(1–7 अगस्त)

स्तनपान को बढ़ावा देने और माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व स्तनपान दिवस (सप्ताह) मनाया जाता है।



### हिरोशिमा दिवस

"परमाणु हथियार नहीं, शांति हमारा भविष्य है।



6 अगस्त 1945 को हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया गया। यह दिन शांति, अहिंसा और मानवता के लिए समर्पित है।

### आज का संदेश

इतिहास हमें सिखाता है कि युद्ध विनाश लाता है, जबकि शांति और सहयोग से ही एक बेहतर भविष्य का निर्माण होता है। आइए, शांति, पर्यावरण संरक्षण और मानवता के मूल्यों को अपनाएं।

### प्रेरक विचार


"शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है, यह न्याय, विकास और मानव गरिमा की उपस्थिति है।
– मार्टिन लूथर किंग जुनियर

॥ ज्ञान, तर्क और नैतिकता का संगम ॥

कोटि-कोटि शुभकामनाएँ

## 6 अगस्त

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ



# अविनाश कमलाकर दीक्षित

(जन्म : 6 अगस्त 1944, बॉम्बे, भारत)

**प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री**

> "ज्ञान, तर्क और नीति पर आधारित
> अर्थव्यवस्था ही एक न्यायपूर्ण,
> समृद्ध और स्थायी समाज की आधारशिला हैं।"

### संक्षिप्त परिचय

अविनाश कमलाकर दीक्षित एक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। उनका जन्म 6 अगस्त 1944 को बॉम्बे (अब मुंबई), भारत में हुआ। वे विकास अर्थशास्त्र, खेल सिद्धांत, राजनीतिक अर्थशास्त्र और सार्बजनिक नीति के क्षेत्र में विश्वभर में विख्यात हैं।
उन्होंने आर्थिक विकास, संस्थागत परिवर्तन तथा नीति निर्माण के विषयों पर महत्वपूर्ण शोध और लेखन किया हैं।

### शैक्षिक उपलब्धियाँ

- बी.ए. (अर्थशास्त्र) – सेंट स्टीफेंस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- एम.ए., पीएच.डी. (अर्थशास्त्र) – हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका
- प्रोफेसर – प्रिंसटन विश्वविद्यालय, अमेरिका
- पूर्व डीन – प्रिंसटन स्कूल ऑफ पब्लिक एंड इंटरनेशनल अफेंयर्स

### प्रमुख योगदान

- विकास अर्थशास्त्र और गरीबी उन्मूलन पर महत्वपूर्ण शोध
- खेल सिद्धांत (Game Theory) के अनुप्रयोग पर अग्रणी कार्य
- सुशासन, लोकतंत्र और संस्थानों की भूमिका पर गहन अध्ययन
- भारत सहित अनेक विकासशील देशों की नीतियों को समझने और सुधारने में योगदान

### सम्मान एवं पुरस्कार

- पद्म भूषण (2016) – भारत सरकार द्वारा
- जॉन वॉन न्यूमेन थ्योरी प्राइंज
- फेलो – अमेरिकी अर्थशास्त्र अकादमी
- कई मानव डॉक्टीर उपाधियाँ और अंतरराष्ट्रीय सम्मान

www .teachersofbihar.org

Madhu priya

आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
स्वस्थ, सुखमय और सफल जीवन की शुभकामनाएँ।

“ सेवा ही जीवन है, और भारत की सेवा
मेरा सौभाग्य है। ”

– सुषमा स्वराज

TEACHERS OF BIHAR
WE CHANGE MAKERS



भारतीय राजनीति की अद्वितीय नेता,
ओजस्वी वक्ता और जनसेवा की प्रतिमूर्ति

# सुषमा स्वराज

## की पुण्यतिथि पर

## 06 अगस्त
## सादर नमन!

### जीवन परिचय

- **जन्म** : 14 फरवरी 1952, अंबाला, हरियाणा
- **पुण्यतिथि** : 06 अगस्त 2019
- **पद** : भारत की पूर्व विदेश मंत्री
  (26 मई 2014 – 30 मई 2019)
- **उपलबधियाँ :**
  - ओजस्वी वक्ता, कुशल प्रशासक और संवेदनशील नेता।
  - विदेश मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीयों की सहायता के लिए 24×7 हेल्पलाइन शुरू की, जो दुनिया भर में लोकप्रिय हुई।
  - महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के लिए हमेशा समर्पित रहीं।
  - उनकी सरलता, विनम्रता और सेवा भावना हमेशा स्मरणीय रहेगी।

“ मैं मरने के बाद भी जिंदा रहूँगी,
क्योंकि मैं अपने देश के लिए
मरना नहीं, जीना चाहती हूँ।

– सुषमा स्वराज ”

आपकी सेवा, समर्पण और प्रेरणा
हमेशा हमारे हृदय में अमर रहेगी।

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि

❤ आपकी स्मृतियाँ सदैव हमारे साथ हैं ❤

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

प्रकृति के सच्चे प्रहरी को

शत् शत् नमन


**6 अगस्त**

प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, पर्यावरणविद्,
चित्रकार, फोटोग्राफर और
दस्तावेजी फिल्म निर्माता

# रॉबिन बनर्जी

**(12 अगस्त 1908 – 6 अगस्त 2003)**


## पुण्यतिथि
## पर विनम्र श्रद्धांजलि



*"वन्यजीव और प्रकृति के प्रति उनका प्रेम, समर्पण और संरक्षण का संदेश आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा बना रहेगा।"*

www .teachersofbihar.org

प्रकृति के चित्रकार | वन्यजीव फोटोग्राफर | दस्तावेजी फिल्म निर्माता | पर्यावरण संरक्षक



उन्होंनें जीवन भर भारत की प्राकृतिक विरासत को समझने, सहेजने और प्रस्तुत करने का कार्य किया।



" प्रकृति हमारी सबसे बड़ी शिक्षक है,
हमें बस उसे समझने और संजोने की जरूरत है। "

– रॉबिन बनर्जी



Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



मध्य विद्यालय पुरैनी
जगदीशपुर, भागलपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




प

**प्राथमिक विद्यालय रामरायबाग खुटहरी**
**कहलगांव, भागलपुर**

www.teachersofbihar.org

**MRITUNJAY KUMAR**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी
फुलवारीशरीफ, पटना

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



## वाटसन मध्य विद्यालय मधुबनी

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR